तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 नपा अध्यक्ष ने सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



12 पुरानी कलेक्टर दर पर होगी रजिस्ट्री पन्द्रह दिन देरी ...



## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा-करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## गड़बड़ी : जिले में 32 लाख 20 हजार क्विंटल धान का किया गया है उठाव

# मिलिंग में करोड़ों का खेल, मिलर्स ने अब तक केवल 8 फीसदी चावल जमा कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- धान के एवज में 21 लाख 57 हजार क्विंटल देना है चावल

जिला प्रशासन की निगरानी में भले ही कस्टम मिलिंग हो रही है। लेकिन इस साल प्रशासन की नजर मिलिंग में नहीं होने से मिलर प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं। मानिटरिंग नहीं होने के कारण जमकर सरकारी धान की अफरा-तफरी कर रहे हैं।

धान खरीदी समाप्त हुए दो माह बीत गए हैं। लेकिन मिलरों ने जितना धान उठाया है, उसके मुताबिक चावल जमा नहीं किया है। बेमेतरा जिले में धान का उठाव 32 लाख 20 हजार क्विंटल किया गया, जिस पर 21 लाख 57 हजार क्विंटल जमा करने की मांग है, परंतु अब तक मात्र 4 लाख 42 हजार क्विंटल चावल जमा किया गया है। बहरहाल कस्टम मिलिंग का इस बार जिले में बुरा हाल है। एकतरफ जहां सोसायटियों से धान का उठाव नहीं हुआ है, वहीं मिलरों ने जितना धान उठाया है, उसके अनुपात में उसका चावल तक जमा नहीं किया है। कस्टम मिलिंग की स्थिति बेमेतरा जिले में बुरी तरह से खराब है। मिलरों ने जितना धान उठाया है, उसके मुताबिक सिर्फ आठ फीसदी चावल जमा हो सका है। बता दें कि मिलरों को प्रति क्विंटल धान के पीछे 67 किलो चावल जमा करना होता है।


मिलर्स ने अब तक मात्र 4 लाख 42 हजार क्विंटल जमा कराया

### भौतिक सत्यापन नहीं होने से मनमानी

प्रदेश के अन्य जिलों में कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा राईस मिलों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। लेकिन जिले में अब तक एक बार भी प्रशासन द्वारा भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है। यही कारण है कि, मिलरों द्वारा जमकर मनमानी की जा रही है। चर्चा तो यह भी है सरकारी धान का उठाव के बाद वे इसे महंगे दाम पर बाजारों में बेच रहे हैं। जबकि उत्तर प्रदेश व झारखंड जैसे राज्यों से सस्ता चावल मिलर सरकार के कोटे में जमा कर रहे हैं।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**खास बातें**

- राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम रांका के पास गुरूवार को हुई दुर्घटना
- दुर्घटना के वाहन सहित फरार हो गया आरोपी चालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय राजमार्ग एक बार फिर खून से लाल हो गया। गुरुवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में मौके पर ही एक महिला की मौत हो गई। वहीं, आरोपी वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस मामले में अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी अनुसार सिटी कोतवाली थाना बेमेतरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रांका के पास नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटना घटी। कठिया गाँव की निवासी महिला दिनेश्वरी साहू पति टिक्कू साहू की राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इस सड़क हादसे के बाद कुछ देर तक नेशनल हाईवे की व्यस्त सड़क पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मामले में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा बनाया।

उसके बाद मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि महिला किसी कार्य के सिलसिले में समीप के गाँव झलमला की ओर जा रही थी, इसी दौरान यह घटना घट गई। इस मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# अवैध रेत परिवहन पर हुई कार्रवाई, तीन हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कारवाई करते हुए तीन हाईवा को जब्त किया है। टीम ने अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे हाईवा क्रमांक सीजी 25 पी 8118 मालिक सिद्दीकी, सीजी 25 एम 2229 मालिक प्रतीक सिंघानिया और सीजी 04 पीडी 1063 मालिक दिनेश यदु को पकड़ा है। इन वाहनों को ग्राम मटका और बसनी एवं राका गांव के पास पकड़ा गया।

वाहनों को बेमेतरा थाने में रखा गया है। इसके अलावा, डगनिया शिवनाथ नरी घाट पर अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर खनिज विभाग की टीम ने जांच की, लेकिन वहां कोई वाहन नहीं मिला। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने खनिज एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसी गतिविधियों पर सख्त नजर रखें और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।




# नवागढ़ में गहराया जल संकट, नागरिकों में बढ़ रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड नंबर 08 और 15 में पिछले कुछ दिनों से पानी आपूर्ति बाधित होने के कारण नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जल संकट के चलते स्थानीय निवासियों को दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वार्डों में पानी के सभी स्त्रोत बंद हो गए हैं, जिससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नगर पंचायत द्वारा केवल एक-एक दिन के अंतराल में टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जो जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इस समस्या से परेशान नागरिकों ने नगर पंचायत से शीघ्र समाधान की मांग की है। वार्ड निवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान को एक लिखित आवेदन सौंपा है, जिसमें जल्द से जल्द पानी आपूर्ति सुचारू करने की मांग की गई है। साथ ही, नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।



### नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने नागरिकों को आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और जल्द ही जल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। प्रशासन ने भी आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया है, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। जल संकट से परेशान नागरिक अब प्रशासन की कार्यवाही का इंतजार कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ग्राम बाजार चारभाठा में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**थान खम्हरिया।** ग्राम बाजार चारभाठा में सद्भावना दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासी के सहयोग से आज 4 अप्रैल से 12 अप्रैल श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा का समय 2:00 बजे से शुरू होगा। 12 अप्रैल को गीता, तुलसी वर्षा, हनुमान जन्मोत्सव एवं शोभा यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। कथा व्यास विद्या दुबे श्री राधा कृष्ण साधना मंदिर, कथा का रसपान कराएंगी। आयोजन समिति ने कथा में श्रद्धालुओं को पहुंचाने की अपील की है। कथा वाचक सुश्री विद्या दुबे ने बताया, रामायण, महापुराण हमें आदर्श के साथ जीवन जीने की तरीका सिखाते हैं और श्रीमद् भागवत महापुराण हमें मरना कैसे है, यह सिखाती है। भागवत महापुराण में भक्त को मरने से पहले क्या कर्म करें कि हमें मुक्ति प्राप्त कर सके। उस सुगम मार्ग का मार्गदर्शन केवल भागवत महापुराण में ही मिलता है। भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है।



# जिला शिक्षा अधिकारी ने खिलोरा स्थित निशुल्क कोचिंग सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- छात्र-छात्राओं के रुकने के साथ ही बस की भी व्यवस्था दी गई

जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से खिलोरा में नीट एवं जेईई की निःशुल्क कोचिंग सेंटर प्रारम्भ की है। वर्तमान सत्र 2024-25 में पढ़ रहे कक्षा बारहवीं के 150 छात्र/छात्राएं जो आगामी सत्र में होने वाली नीट व जेईई परीक्षा में शामिल होने वाले समस्त विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रारम्भ किया है।

जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सामूहिक प्रयास से 1 अप्रैल से ग्राम खिलोरा विकासखंड व जिला बेमेतरा में संचालित किया जा रहा है। जो विद्यार्थी नीट एवं जेईई की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे सभी विद्यार्थी इस निःशुल्क कोचिंग की सुविधा का लाभ ले सकते हैं। समस्त विद्यार्थियों के लिए कोचिंग व उनके आवास व भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। बालकों के लिए ग्राम खिलोरा में ही रुकने की व्यवस्था की गई है। बालिकाओं के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छात्रावास बेमेतरा में की गई है। साथ ही उनके लिये बस की सुविधा निर्धारित किया गया है। भोजन में सुबह नाश्ता, दोपहर/रात का भोजन भात, दाल, सब्जी, रोटी, सलाद व अन्य खाद्य पदार्थ परोसा जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने शासकीय कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही व्यवस्था को और अधिक बेहतरीन तथा दुरुस्त करने की दृष्टिकोण से अधिकारी भी समय समय पर कोचिंग सेंटर खिलोरा का निरीक्षण कर रहे हैं। **ये रहे उपस्थित:** निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, बोर्ड परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी एसपी कोशले, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, संकुल शैक्षिक समन्वयक नीलेश कुमार सोनी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



## सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने दिये आवश्यक निर्देश

# साइबर अपराधों को प्राथमिकता से लें डाटा डिजिटलीकरण पर ध्यान दें: एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- एसएसपी साहू ने अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखओं का किया आकस्मिक निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिला पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का गुरुवार को जायजा लेते हुए विभिन्न शाखाओं में लंबित कार्यो के त्वरित निराकरण करने निर्देशित किया । इस दौरान उन्होंने आईसीजेएस पोर्टल अपराधियों के अपराधिक रिकार्ड, आईटीएसएसओं पोर्टल पर दुष्कर्म प्रकरणों की समीक्षा के साथ साथ सीआरआईएमएसी , सीसीटीएनएस , एसपी लागिन पोर्टल जिसमें एफआईआर , चरित्र सत्यापन, आनलाइन शिकायत, किरायादार सत्यापन, गुम इंसान, मोटर व्हीकल से संबंधित जैसे कार्यो का अवलोकन कर सभी कार्यो को निर्धारित समय सीमा पर पूर्ण करने जहां जोर दिया। इस दौरान सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, आरक्षक मनीष देवांगन सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।



### लोगों को करें जागरूक

एसएसपी श्री साहू ने कहा कि साइबर अपराधों को प्राथमिकता पर रखते हुए डेटा डिजिटलीकरण पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण है। साइबर सुरक्षा जागरुकता बढ़ाना, साइबर अपराधों के प्रति कानूनी कार्रवाई करना और डिजिटलीकरण के साथ आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारी रखना आवश्यक है। वही साइबर अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक करना, खासकर ऑनलाइन पहचान और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में। साइबर अपराधों की जांच के लिए डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना महत्वपूर्ण है।



